तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 मई 2025

12 खुले में रखी दवाइयों की जांच के लिए समिति गठित



14 बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी, परंपरा को किया जीवित





## खबर संक्षेप

### पाण्डुका में भागवत कथा पुराण आज से

**पाण्डुका।** पाण्डुका में 1 मई से श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन होगा। यह आयोजन 7 दिवसीय होगा और भगवान श्री कृष्णचंद्र के चरित्र से संबंधित होगा। यह आयोजन स्व. पूरन लाल द्विवेदी के स्मृति में द्विवेदी परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रवचनकर्ता पण्डित अवस्थी द्वारा किया जाएगा। आयोजन गायत्री मंदिर के सामने प्रांगण में होगा, जो 8 मई तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा कथा का प्रथम दिवस कलश यात्रा गोकर्ण कथा के साथ सृष्टि वर्णन शिव विवाह ध्रुव प्रहालद वर्णन चरित्र गजेंद्र मोक्ष श्रीकृष्ण अवतार बाल लीला दही लूट रूखमणी विवाह के साथ सम्पन्न होगा।

### शीशम पेड़ पर बिजली गिरी जलकर खाख



**राजिम।** बेमौसम आंधी पानी के बीच इस ग्रीष्मकाल में ग्राम पसौद के शीशम पेड़ में बिजली गिरने से आग लग गई और धधकती हुई इस आग ने पेड़ को जलाकर राख कर दिया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी कोमल साहू, कृष्ण साहू, ओमप्रकाश साहू ने इस प्रतिनिधि को बताया कि मंगलवार की शाम अचानक मौसम बदला देखते ही देखते आसमान पे काली घटा छा गई इसी के साथ बहुत तेजी के साथ आंधी और पानी भी शुरू हो गई कुछ ही देर में बिजली चमकने के साथ बादल भी गरजने लगा और शीशम के झाड़ में बिजली गिर गई जो तेजी से आग के लपट के रूप में परिवर्तित हो गई। गनीमत था आकाशीय बिजली का यह कहर बस्ती में नहीं गिरा और न ही किसी भी तरह से जान-माल की हानि हो पाई। वैसे आकाशीय बिजली का आकर्षण रायजाम और शीशम के पेड़ को ज्यादा तौर से माना जाता है।

# छुरा अस्पताल के बीएमओ का प्रभार 18 किमी दूर रसेला के डाक्टर के पास, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

खास खबर

नगर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी का प्रभार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डॉक्टर राहुल नेताम को प्रभारी बीएमओ बनाया गया है जो यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूरी पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का संचालन होता है साथ-साथ क्षेत्र के एकमात्र सबसे बड़े अस्पताल जहां पर ओपीडी जैसे सुविधाओं का संचालन होता है, यहां लगभग 5 से 6 डॉक्टर हैं किंतु वरिष्ठ डॉक्टर बीएमओ का प्रभार लेना नहीं चाहते, डॉक्टर साहू अपने पारिवारिक कारण से 3 महीने की छुट्टी पर है और डॉक्टर निषाद पढ़ाई एवं अन्य कार्यों की व्यवस्था की वजह से प्रभार छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य डॉक्टर पदस्थ है वह काफी जूनियर है इसलिए उन्हें बीएमओ नहीं बनाया जा सकता, किंतु सबसे महत्वपूर्ण बातें है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुविधा में सुबह 9:00 बजे से 1:00 बजे और 4:00 बजे से 6:00 बजे तक ओपीडी चलता है और रात को आपातकालीन सेवाएं संचालित होती है इसमें लगातार शिकायत आती है कि डॉक्टर वह अन्य स्टाफ समय पर उपलब्ध नहीं रहते, ओपीडी का समय 9:00 बजे जाकर निरीक्षण किया जा सकता है कि यहां कार्यरत कितने कर्मचारी उपस्थित है।

## डॉक्टर और स्टाफ की समय पर नहीं पहुंच रहे, मरीजों को हो रही परेशानी

### समय पर नहीं पहुंच रहे कर्मचारी

यहां पर लैब, एक्स रे, मेडिकल, बीपी, शुगर चेक, दांत का एवं अन्य सुविधाएं हैं किंतु 9:00 बजे जाने पर पता चलता है कि यहां आने पर कर्मचारी लगभग 10:00 बजे के बाद ही दिखाई देते हैं तो ऐसे में प्रभारी बीएमओ के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि इन सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त कैसे करेंगे, इसके अलावा आपातकालीन सेवा जो रात्रि को संचालित होगा उसके लिए भी सतत निगरानी की आवश्यकता है। किंतु यहां से लगभग 18 किलोमीटर दूर रसेला से डॉक्टर राहुल नेताम को प्रभारी बीएमओ की जिम्मेदारी दी गई है इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के पहुंच से कितना दूर है।




### संपर्क नहीं हुआ

इस संबंध में सीएमएचओ डॉक्टर गार्गी पाल यदु से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### प्रभारी बीएमओ के रूप मिला है प्रभार

डॉ. राहुल नेताम प्रभारी बीएमओ ने कहा कि वह वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में पदस्थ हूं। किंतु अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी बीएमओ के रूप प्रभार मिला है, सबके सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जाएगा।

## विडंबना : जर्जर सड़क पर चलना हुआ मुश्किल, जिम्मेदार मौन

# मडवाडिही से कुण्डेल सड़क की जर्जर स्थिति अधिकारी ने कहा-मरम्मत के लिए नहीं है फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

विकास खंड फिगेंश्वर मुख्यमार्ग से मडवाडिही बिजली खुडियाडिही, खुटेरी, सिर्रीखुर्द, कुण्डेल गांव से होकर राजिम छुरा मुख्यमार्ग को जोड़ने 12 किलोमीटर वाली सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। जनपद सभापति नंदू यादव बिजली, सरपंच प्रतिनिधि मोती राम निषाद, सरपंच खुटेरी बेनी शंकर साहू, सरपंच कुण्डेल गज्जु सिन्हा ने कहा की खराब सड़क से क्षेत्रवासियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना तो करना पड़ता है।

लेकिन यह स्पष्ट है कि यह सड़क आने -जाने करने के लिए सुरक्षित या सुविधाजनक नहीं है। वहीं इस मार्ग से प्रतिदिन दिन भर छोटे-बड़े वाहन में सवार होकर आना जाना रहता है। उन्हे भी हिचकोल का दर्द सहन करना बजबूरी हो गया है।

इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना व संबंधित विभाग के अधिकारियों एंव जनप्रतिनिधियों से शिकायत की लेकिन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। नेताओं का भाषण मंच तक रह गया है धरातल पर यहां नजर नहीं आ रहा है। मडवाडिही से कुण्डेल गांव तक के हजारों लोगों ने एक स्वर में सड़क निर्माण या मरम्मत की मांग किया है।



अलग खबर

### प्रस्ताव भेजा गया है

अभिषेक पाठक प्रभारी मुख्य कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग गरियाबंद ने कहा की विभाग के पास मरम्मत करने की कोई फंड नहीं है। फिर हाल कोई कार्य सम्भव नहीं है। नया बनाने का प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा गया है। स्वीकृत होगे तभी बन पाएगा।

### वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के मुख्यकार्य पालन अधिकारी अभिषेक पाटकर के अनुसार इस सड़क मरम्मत के लिए कोई फंड नहीं। इसलिए फिर हाल नवनिर्माण या मरम्मत की गुंजाइश नहीं है। ग्रमिणो ने कहा की राहगीरों को हिचकोले का दर्द सहते रहना होगा। लंबे समय से इस क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। वहीं इससे जहां दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, वहीं वाहनों में टूट-फूट भी हो रही है।

वहीं सड़क पर जगह- जगह गड्ढे होने से वाहन के एसम्बल पुर्जा पुर्जा ढिला हो रहा है। अनेक तो नियंत्रण नहीं कर पाने से गिर भी रहे हैं। बिमार व्यक्ति या महिलाओं के प्रसव वाहन समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं।

### एक किमी तक सड़क से डामर गायब

यहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र शिक्षा ग्रहण करने फिगेंश्वर, राजिम, रायपुर जाते हैं, छोटे बड़े व्यवसाय लोगों का तो आना जाना प्रतिदिन हो रहा है। उन लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आखिर इन सब का जिम्मेदार कौन है, सब मौन है। अंदाजा लगा सकते हैं यह मार्ग काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। मडवाडिही गांव के 1 किलोमीटर तक सड़क की डामर गायब है, सिर्फ सड़क गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं। सड़क बनने के बाद से सिर्फ एक बार पांच वर्ष पूर्व मरम्मत के नाम पर मिट्टी मिक्स गिट्टी डालकर खानापूर्ति किया गया था। मडवाडिही निवासी प्रकाश मांडलेय, नीरज निषाद, पूर्व सरपंच सरस्वती ध्रुव, कलादान ने कहा की धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा जाना होता है तो इसी मार्ग को चयन करते हैं। इस केंद्र में गरियाबंद जिले भर के समर्थन मुल्य के खरीदे धान के भारी भरकर औवर लोड ट्रक का आना जाना आम है। उस माणक से सड़क निर्माण नहीं हुआ है। इसी भारी भरकर ट्रक चलने से सड़क की धज्जियां उड गई है। इसके जिम्मेदार कौन। यदि परिवहन विभाग जरा इस सड़क पर चलने वाले ओवर लोड पर नियंत्रण करते तो सड़क की लाइफ कुछ और होता।

# मौसम का मिजाज बदला तापमान में आई गिरावट

**नवापारा-राजिम।** क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शाम होते ही आकाश पे बादल छा जाते है, अंधड़ भी चलता है और बारिश भी होती है। अप्रैल माह के अंतिम-अंतिम में तापमान में 3 से 5 डिग्री की गिरावट से भारी राहत मिली है। विगत तीन दिनों से शाम होते ही मौसम सुहाना हो जाता है। रात होते-होते हल्की बारिश के कारण ठंडी हवाएं के झोंके बरसाती मौसम की याद दिला रहा है। पूरे अप्रैल माह में तेज गर्मी से हलाकान लोगो को तीन दिनो से बदला हुआ सुहाना मौसम बहुत ही भा रहा है। मौसम विभाग द्वारा अप्रैल अंत तक ऐसे ही मौसम रहने का अनुमान बताया गया था जो सही साबित हो रहा है।



### शादियों के पंडाल एवं धान के फसल को नुकसान

क्षेत्र में इन दिनो बड़ी संख्या में गांव-गांव में शादियां हो रही है। शादियों के लिए लगाए गए पंडाल अंधड़ एवं बारिश से प्रभावित हुआ है। कई जगहों में हवाओं के झोंको से शादी मंडप का पंडाल फट गए। आंगन या खुले स्थानों में शादी मंडप में रस्म अदायगी के समय बारिश होने से व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। गांवों में अधिकतर शादियां घरों में आयोजित हो रहे है। ऐसे में मंडप या मेहमानों के भोजन के समय आंधी तूफान और बारिश से पूरा शादी का मजा किरकिरा हो रहा है। बदले हुए मौसम में बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से भी परेशानी हो रही है। ठीक इसी तरह राजिम क्षेत्र में किसानों ने रबी फसल लगाई हुई है। जो अब पककर कटने की स्थिति में आ गया है। धान की बालियां तेज अंधड़ के थपेड़ो से खेतो में ही सो गए है। पके हुए धान के फसलों को नुकसान हो रहा है। किसान ऐन फसल कटाई के समय में मौसम में बदलाव से चिंतित नजर आ रहे है।

# जिले में पुलिस विभाग की सर्जरी, 33 कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और प्रशासनिक सुदृढ़ता के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस विभाग में सोमवार को व्यापक स्तर पर तबादले किए गए। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के आदेश पर 33 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है, जिसमें 6 थाना प्रभारी, उप निरीक्षक, सर्जन, प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल हैं।

थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के 6 थानों में नए थाना प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें गौतम गावड़े देवभोग से फिंगेश्वर, कृष्ण प्रसाद जांगड़े गरियाबंद रिजर्व सेंटर से पीपरछेड़ी, फैजल होदा शाह अमलीपदर से देवभोग, पवन वर्माफिंगेश्वर से छूरा, दिलीप मेश्राम छूरा से अमलीपदर, हरिश शाहिद्वार छूरा से गरियाबंद रिजर्व सेंटर, अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का तबादले की सूची में उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षकों की लंबी फेहरिस्त शामिल है। प्रमुख तबादलों मेंप्रतीक कुमार सिन्हा गरियाबंद से छूरा, सुरेश नेताम जुनवानी से फिंगेश्वर, राजकुमार साहू मेनपुर से गरियाबंद, गंगाराम कोसिम रिजर्व सेंटर से राजिम, मोहित चतुर्वेदी एसडीओपी कार्यालय मेनपुर से मेनपुर थाना, आशिक मिंज, दिनेश यादव, गिरधारी ध्रुव सहित कई अन्य कर्मियों को नई तैनाती दी गई है।



### अतिरिक्त तबादले

रिजर्व केंद्र और एसडीओपी कार्यालय से भी कई बदलाव जिसमें चन्द्रभूषण सिंह जगत ई-30 से पुलिस नियंत्रण कक्ष गरियाबंद,मनोज तिर्की ई-30 से जुगाड़ थाना, देवेश नेताम मेनपुर कैंप से गरियाबंद, यशवंत ध्रुव रिजर्व केंद्र से अजाक थाना, ओमप्रकाश साहू, दीपक साहू एसडीओपी कार्यालय से मेनपुर थाना, मंगललाल सोनवानी शोभा से फिंगेश्वर, प्रभावी रूप से तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने सभी तबादले किए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने नवीन पदस्थापन स्थल पर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करें। प्रशासन को उम्मीद है कि इन फेरबदल से जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में नई ऊर्जा और प्रभावशीलता आएगी।

# युवक की संदिग्ध मौत ; फंदे से लटका शव, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बुधवार को मैनपुर के एक युवक जितेन्द्र कुशवाहा का शव देवभोग के एक घर में फंदे पर लटकी मिली तो इसकी जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया और उनके परिजन मैनपुर से देवभोग पहुंचे जहां पोस्टमार्डम के बाद शव को मैनपुर लाया गया उनकी अंतिम यात्र में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के मैनपुर निवासी जीतू कुशवाहा उम्र लगभग 38 वर्ष देवभोग में कृषि खाद बीज का दुकान संचालित करता था और देवभोग में मकान किराए कर वहां निवास करता था युवक ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मृतक ने अपना मोबाइल कैमरा टेबल पर सेट कर कान में ईयरफोन लगाकर इस घटना को अंजाम दिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्डम कर परिजनो को सौप दिया है और मोबाइल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरी घटना देवभोग मांझी पारा की है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जितेंद्र कुशवाहा (38 वर्ष) है और वह मैनपुर निवासी रिटायर्ड कृषि विस्तार अधिकारी आर डी कुशवाहा का इकलौता बेटा था मृतक जितेन्द्र कुशवाहा के परिवार में पत्नी और 3 बच्चे भी हैं वह सप्ताह में 2 से 3 दिनों के लिए किराए के मकान में देवभोग आया करता था।



- मोबाइल कैमरा ऑन और कान में लगा था ईयरफोन
- मैनपुर में देर शाम युवक का किया गया अंतिम संस्कार

### मोबाइल की छानबीन में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि मामले में पंचनामा कर शव का पोस्टमार्डम कर परिजनो को सौपा गया है प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है जिस तरह से मोबाइल टेबल में रखा हुआ है कान में इयर फोन लगा हुआ है ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घटना के वक्त किसी से वह ऑनलाइन या कॉल से जुड़ा हुआ था। फिलहाल मृतक के मोबाइल को जप्त कर जांच की जा रही है।

### 2-3 दिन के लिए किराए के मकान में आता था युवक

रोजाना की तरह जितेंद्र का निजी स्टाफ आज सुबह मकान का दरवाजा खटखटाया, कॉल भी लगाया। डेढ़ घंटे बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उसने परिजनो और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे देवभोग पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया तो जितेंद्र का शव फंदे पर लटकते मिला। जितेन्द्र कुशवाहा बेहद मिलनसार और सरल स्वभाव के युवक थे मैनपुर में भी उनका कृशि केन्द्र दवा एवं खाद दुकान पहले संचालित था और नगर के सभी समाजिक धार्मिक कार्यक्रमो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा युवाओ के चहेते थे और उनके आत्महत्या करने की जानकारी लगते ही मैनपुर क्षेत्र में भारी शोक की लहर देखने को मिल रही है साथ ही उनके मित्र व उनके साथ स्कूल में पढ़ाई करने वाले उनके दोस्तो को यकीन ही नही हो रहा है कि जितेन्द्र कुशवाहा कभी ऐसे कदम उठा सकते है जो चर्चा का विशय बना हुआ है। पिछले कुछ वर्शो से जितेन्द्र कुशवाहा देवभोग में कृशि केन्द्र संचालित कर रहा था ऐसी जानकारी मिली है।

## नए जोड़े विवाह सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन की शुरूआत की

# अक्ति लग्न में शहर की सड़कों पर घराती-बरातियों की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अक्ति के शुभ लग्न में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में बहुत से नए जोड़े विवाह सूत्र में बंधकर अपनी गृहस्थ जीवन की शुरूआत की। नगर में विगत एक हफ्ते से शादियों की धूम है। गंज रोड मुख्य मार्ग में विवाह को प्रथम रश्म चुलमाटी के लिए दिन भर पारंपरिक बाजा के साथ महिलाएं कर्मा मंदिर में आकर पूजा पाठ करती रही। टोली में महिलाएं एवं परिजन चुलमाटी की मिट्टी लेकर मां शीतला मंदिर, कर्मा मंदिर, काली मंदिर से वर-वधु के सुखमय दाम्पत्य का आशीर्वाद लेकर शादी के तेल, मायन कार्यक्रम की शुरूआत की। माहौल ऐसा बना हुआ है मानो पूरे नगर में घर-घर शादियां आयोजित हो रही हो। मार्ग पर दिन भर बाजे की धुन सुनाई देती रही। दोपहर होते होते बारात के लिए आते-जाते सजी-धजी कार, स्कॉर्पियो, मार्शल रायपुर रोड, गरियाबंद रोड, कुरूद रोड, छाटा रोड में दिखने लगी। यह सिलसिला देर शाम तक देखने को मिला। शाम से ही दूसरे स्थानों से आए बाराती परघनी के लिए बाजे-गाजे में थिरकते हुए दिखे। बता दें कि छत्तीसगढ़ अक्ति लग्न में शादियों को बहुत ही शुभ एवं फलदायक माना जाता है। हर वर्ष अक्ति लग्न में भारी संख्या में शादी होती है। लोग विवाह के लिए अक्ति लग्न का इंतजार करते है। अक्ति लग्न में शादियों से पूरा बाजार गुलजार है। बाजार एवं दुकान में विगत एक माह से व्यापार बढ़िया है। गिफ्ट, फैंसी, कपड़े, बर्तन,ज्वैलर्स के दुकानों में भीड़ देखी गई।



### घर-घर रचाई गई गुड्डा-गुड़ियों का विवाह

अक्ति लग्न में गुड्डा- गुड़िया के विवाह रचाने की परंपरा चली आ है। जिन घरों में विवाह नहीं हो रहे है। वहां भी गुड्डे गुड़िया के शादी रश्म कर मांगलिक कार्य किए जा रहे है। मान्यता है कि गुड्डे गुड़िया का शादी कर भगवान शिव एवं पार्वती के विवाह को स्मरण किया जाता है। बच्चे एवं परिजन सुबह से ही घर के आंगन में मंडप सजाने के लिए तोरण, आम पत्ता, कलशा, मौर एवं अन्य वैवाहित सामग्रियों की व्यवस्था में लगे हुए दिखे। शाम गुड्डा- गुड़ियों को सुंदर कपड़े पहनकर तेल, हल्दी, मायन कर फेरे करवाए गए। टिकावन में बच्चों ने पेन, पेंसिल कंपास जैसे सामग्री भेट की। आसपास के लोगो को बुलाकर खीर पूड़ी हलवा की पंगत भी लगाई गई। अक्ति लग्न में घरों घर शादियों से पूरे नगर में चहल पहल देखी गई है।

# किसानों ने नगर देवता को अर्पित किया धान, खेती- किसानी पर मिली ज्योतिषीय सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

**पर्व : कोपरा में अक्ती तिहार की रही धूम, अच्छी फसल की कामना की**





जिले के कोपरा गांव में अक्ती तिहार (अक्षय तृतीया) पर परंपरागत उत्साह और आस्था के साथ किसानों ने नगर देवता ठाकुर देव की पूजा अर्चना की। किसानों ने अपने घरों से पाना पत्ता में धान भरकर ठाकुर देव को अर्पित किया और सामूहिक रूप से अच्छी फसल की कामना की। हर साल की तरह इस बार भी अक्ती तिहार के अवसर पर गांव के किसान एक जगह इकट्ठा हुए। पूजा कार्यक्रम के दौरान नगर पुरोहित मेघाननंद शुक्ला ने ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर खेती किसानी से जुड़ी सलाह दी। उन्होंने फसल की बोनी के लिए शुभ मुहूर्त और लाभकारी धान बीज किस्मों की जानकारी दी।

पुरोहित ने इस वर्ष संभावित फसल रोगों की भी भविष्यवाणी करते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। किसानों ने इसे भविष्य की तैयारी के रूप में देखा और परंपरा व आधुनिक सलाह के समन्वय को उपयोगी माना। ग्रामीणों ने अक्ती तिहार को उत्सव के रूप में मनाते हुए कहा कि यह पर्व खेती की शुरुआत का प्रतीक है और ठाकुर देव के आशीर्वाद से ही अच्छी फसल की उम्मीद की जाती है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, गोरेलाल सिन्हा, ग्राम पटेला श्यामलाल निषाद साहू, अवध सिन्हा, कमलेश साहू, केजू राम साहू, गिरधारी साहू, दशरथ यादव, जेठूराम ध्रुव, राजेश यादव, कृष्णा सेन, संतराम तारक, नगर बैगा, डोमार साहू सहित बड़े संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने रचाया गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह



**नवापारा-राजिम।** कोलियारी में छोटे-छोटे मासूम बच्चो ने गुड्डे-गुड़ियों का ब्याह रचाया। कलश जलाकर बाकायदा शादी की रस्म अदायगी की और टिकावन के लिए अपने मां और घर के लोगो को आमंत्रित किया। बच्चो का यह उत्साह देखते ही बन रहा था।

### बारात में नाच रहे लोगों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बारात में नाच रहे लोगों के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को जितेंद्र कुमार साहू निवासी ग्राम कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा बलौदाबाजार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 29 अप्रैल को ग्राम कबीरधर्म नगर दामाखेड़ा से ग्राम बिरकोनी उसके भतीजे रोशन कुमार की बारात में आए थे। इस दौरान उसके दोस्त रौनक भोई, टिकेश्वर साहू एवं अन्य बाराती साथ में नाच रहे थे। रात्रि करीबन 8.30 बजे ग्राम बिरकोनी के बलीराम साहू के घर के पास पहुंचने पर अज्ञात 03 लोग भी नाचने लगे और नाचते हुए धक्का मुक्की कर रहे थे, जिसे मना करने पर वे लोग आवेश में आकर गालियां देते हुए जान से मारने मारपीट करने लगे।

### द्रोणिका का दिखेगा असर, हो सकती है बारिश

**महासमुंद।** प्रदेश के ऊपर बने उत्तर-दक्षिण द्रोणिका और ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाएं, अंधड़ और हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश से लेकर दक्षिण तमिलनाडु तक एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका बनी हुई है, जो लगभग 1.5 डट की ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ ही 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है, जो विदर्भ, मराठवाड़ा, आंतरिक कर्नाटक होते हुए तमिलनाडु तक फैला है।

## खबर प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने लिया संज्ञान

# खुले में रखी दवाइयों की जांच के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर




**उरमाल स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही लाखों की दवाएं खुले में फेंकी गई**

खबर का असर

मैनपुर विकासखण्ड के उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए की जीवन रक्षक दवाइयों को खुले आसमान के नीचे रखे जाने के मामले में गरियाबंद प्रशासन हरकत में आ गया है। हरिभूमि ने इस खबर को 30 अप्रैल को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद गरियाबंद कलेक्टर बी. एस. उइके ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित कर दी है। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवभोग तुलसीदास मरकाम को जांच समिति का अध्यक्ष और तहसीलदार देवभोग को सदस्य नियुक्त किया है। समिति को 7 दिनों के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। आज जांच समिति के अध्यक्ष एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने उरमाल स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दवाइयों के भंडारण की स्थिति का जायजा लिया और अस्पताल स्टाफ से जानकारी जुटाई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के अन्य अधिकारी–कर्मचारी भी उपस्थित थे। मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सफाई भी सामने आई है। गरियाबंद सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्य परिसर में डेंटिंग–पेंटिंग का काम चल रहा है, इसलिए दवाइयों को फिलहाल खुले में लेकिन सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत भाजपा नेता और मैनपुर जनपद सदस्य योगीराज माखन द्वारा की गई थी, जिन्होंने दवाइयों के खुले में रखे जाने की जानकारी सार्वजनिक की थी जांच जारी है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का रचाया विवाह, परंपरा में डूबा देवरी गांव



**कोपरा।** समीपस्थ ग्राम देवरी में अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर बच्चों द्वारा परंपरागत गुड्डा-गुड़िया विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन की तैयारी बच्चों ने तीन दिन पहले ही शुरू कर दी थी। गांव की गलियों में उत्सव का माहौल देखने लायक था।

परंपरागत रिवाज के अनुसार बच्चों ने चुलमाटी (विवाह के लिए मिट्टी लाने की रस्म) से शुरुआत की। बच्चे अपने-अपने मोहल्लों से बांस से बने पर्रा लेकर तालाब की ओर रवाना हुए और मिट्टी लाकर पूजा-अर्चना की। यह प्रक्रिया विवाह स्थल पर मिट्टी पहुंचाने और उसे पूजने की छत्तीसगढ़ी परंपरा का प्रतीक है। अक्षय तृतीया को हिंदू धर्म में अत्यंत शुभ माना जाता है, विशेष रूप से विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए। इसी परंपरा के अंतर्गत देवरी गांव में बच्चों ने तीन दिवसीय गुड्डा-गुड़िया विवाह उत्सव को जीवंत कर दिया। त्योहार की शुरुआत पहले दिन चुलमाटी से हुई, दूसरे दिन मायन जैसे संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया और तीसरे दिन गुड्डा की बारात बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। विवाह स्थल पर गुड़िया पक्ष के बच्चों ने स्वागत कर परंपरागत रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया। बारातियों के लिए नाश्ते का भी प्रबंध किया गया, जिससे यह आयोजन और भी जीवंत हो उठा।

# देवगांव में गुड्डे-गुड्डीयों का रचाया विवाह

**छुईहा बेलर।** अक्षय तृतीया अक्ती तिहार ग्राम देवगांव में विशेष रूप से मनाने की परंपरा है, जहां बच्चे गुड्डे-गुड्डीयों का विवाह करते हैं। जिसमें गांव कुछ लोग घराती तो कुछ बराती में शामिल हुए। मंडप को आकर्षक सजावट किया गया था। यहां गुड्डे-गुड्डीयों की शादी रिति रिवाज के साथ किया गया। चुरमाटी,तेल, हल्दी,मैन आयोजन का जुड़े बच्चे गांव में घर घर निमंत्रण दिए। लोग इनके निमंत्रण स्वीकार कर पीला चांवल टीक कर उपहार या नगद राशि भेंट किया गया। मैन नाचा एवं बराती स्वागत में बाजा की धुन में लोग खुब थिरके।



खीर पूड़ी भोजन प्रसाद का वितरण किया। जिसमें खुशी, नागरची, प्रभा, तुलसी, विद्या, सुहाना, पिया, गीतांजलि, चंपा, परमेश्वरी शामिल हुए।

# गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का द्वितीय चरण आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

गौ ग्राम जन जागरण यात्रा प्रथम चरण सफलतापूर्वक पुर्ण किए गए। जिसकी समीक्षा बैठक 25 अप्रैल को गौ शाला फिंगेशवर में अध्यक्ष डॉ. हरित की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रथम चरण के सफलतापूर्वक यात्रा में सहयोगी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तथा दूसरे चरण में 1 व 2 मई को गौ ग्राम जन जागरण यात्रा की रुपरेखा तैयार किया गया।

गौ शाला फिंगेश्वर अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर हरित के अगुवाई में भगवताचार्य त्रिभुवान महराज, अमृत यदु, जगदीश साहू, पारमांनद यदु, औममप्रकाश साहू, लखन साहू आदि सदस्य यात्रा में साथ चलेंगे। रूपरेखा के तहत 1 मई को पथर्री 9 बजे, सोनेसिली 10:30, लचकेरा 11.30 बजे आरती पुजा सभा भोजन, कोसुमखुटा 3 बजे, जामंगाव 4:30, सरगोड भेंडरी 5:30, बोरीद 6:30, बिरोड़ा 7 दर्रीपार चर्चा संगोष्ठी होगी। दूसरे चरण की द्वितीय दिवस

2 मई को सुबह, 7 बजे मड़वाडिही, 8 बजे बिजली, 10:30 खुड़ियाडिही, 11:00 बजें खुटेरी, सिर्रिखुर्द 12:30 दोपहर भोजन। छुईहा 3 बजे ,चरौदा 4 बजे, बारूला 5 बजे प्रज्ञा भारती कि सभा में शामिल।

गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का समापन 2 मई को ग्राम बारूला में होगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि रुप से साध्वी प्रखर वक्ता डॉ प्रज्ञा भारती का आगमन होगी ,उनकी ओजोस्वी उद्बोधन को सुनने का अवसर मिलेगा। वहीं मंच में अन्य अतिथियों में सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, गौ शाला अध्यक्ष चन्द्रशेखर हरित शामिल होगें।

# परसापान के दोना में धान चढ़ाकर की पूजा



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के पहली तिहार अक्षय तृतीया अक्ति तिहार के पावन पर्व पर राजिम के ठाकुर देव में परसापान के दोना में धान चढ़ाकर पूजा अर्चना किया गया और अच्छी फसल व सुख शांति खुशहाली की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर किसान सेवा समिति के संरक्षक राघोबा महाड़िक, अध्यक्ष भागवत साहू, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, सचिव टिकेन्द्र बंजारे, सलाहकार पवन सोनी, पार्षद सुरेश पटेल, भोले साहू, पूर्ण यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बिजली में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाया गया



**छुईहा बेलर।** अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में ग्राम बिजली में अक्ति पर्व के रूप में मनाया गया। जिसमें बच्चे मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों को आकर्षक ढ़ंग सजा कर का पुरे रस्में रिवाज के साथ विवाह रचाया गया।

जनपद सभापति नंदू यादव बिजली, सरपंच बिजली पद्मा निषाद, कृषि विस्तार अधिकारी के के वर्मा ने टिकावन आशिर्वाद समारोह में शामिल हुए और उपहार भेंट किए। ऐसे इस मुहल्ले के सभी लोगों ने टिकावन में शामिल हुए। इन्होंने कहा की यह एक प्राचीन परंपरा है जो समृद्धि और शुभ मंगल कामना का प्रतीक है। यह भी बताया कि इस दिन विवाह करने से जीवन में सुख और समृद्धि आती है, इसलिए लोग इस दिन विवाह भी ज्यादा लोग करते हैं।

# ओला वृष्टि से फसल की क्षति किसानों ने मुआवजे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर



बुधवार को ग्राम बहेरापाल के किसानों ने फिंगेश्वर तहसील कार्यालय पहुंचकर ओलावृष्टि के चलते रबि फसल को क्षति पहुंचने की शिकायत करते हुए शासन से फसलों के क्षति को लेकर मुआवजे की मांग का ज्ञापन सौंपा है।

किसानों ने प्रेस को बताया कि जिस दिन ओला वृष्टि हुई उस दिन तेज आंधी - तूफान के साथ मूसलाधार बारिश के साथ बर्फ के छोटे छोटे टुकड़े गिरे जिसके चलते खेतों में उगे धान की फसलों की पूरी बाली झड गई जिसके चलते किसानो को भारी नुकसान हुआ है। हम सभी किसाना शासन से मांग करते हैं कि इस नुकसान को लेकर शासन मुआवजा प्रदान करें। इस अवसर पर रामलाल साहू,केशुराम साहू,जीतराम साहू,रूपेश,संतोश कुमार साहू,धमे्रन्द्र साहू, भुवनलाल साहू,ओमप्रकाश यादव,बेदूराम साहू,नेतराम साहू,गणेश साहू,गोविंदराम साहू,नारद राम, सुखीराम ,ऐशुराम सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त होने पर प्रेमसाय साहू को दी गई विदाई



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम जरगांव के शासकीय हाईस्कूल में पदस्थ प्रेमसाय साहू व्याख्याता तथा संकुल प्रभारी का 1 अप्रैल 2025 को सेवानिवृत्त होने पर उन्हें संकुल स्तर पर विदाई सम्मान प्रदान किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन वन्दन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमसाय साहू जी थे। अध्यक्षता वर्तमान सरपंच रूपउ राम ध्रुव ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में हीरा सिंह ध्रुव तथा मदन लाल ध्रुव थें। सभी अतिथियों का गुलाल चंदन वन्दन के साथ स्वागत किया गया। सर्वप्रथम प्रदीप पाण्डेय के द्वारा साहू जी के प्रथम नियुक्ति से लेकर अब तक के कार्यकाल को विस्तार से वर्णन किया। सभा को पूर्व सरपंच बाबूलाल के द्वारा सम्बोधन किया गया।

वहीं वर्तमान सरपंच के द्वारा शिक्षक की महिमा का गुणगान किया गया। शिक्षक साथियों के द्वारा सुमधुर गीत गुनगुनाया गया। प्रेमसाय साहू के पूरे परिवार इस समय उपलब्ध थें। उनकी सभी परिवार के सदस्यों के द्वारा अपना विचार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य प्रेमसाय साहू जी ने अपने शिक्षकीय अनुभव को सामने रखा। संकुल समन्वयक प्रेमसाय साहू जी ने कहा कि शिक्षक की महिमा अनंत तथा अपार हैं। इसे किसी शब्द सीमा में नहीं बांधा जा सकता। इस अवसर पर संकुल केन्द्र जरगांव के सभी शिक्षक शिक्षकाये शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच रुपवु राम ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव,माधव लाल ध्रुव, विनोद साहू, डुगेन्द्र पटेल, तिलक ध्रुव, रूपसिंह विश्वकर्मा, पेमन निषाद, तेज राम, लोकनाथ साहू, बंशीलाल साहू, उमेन्द्र साहू, लिमेश साहू, पुरूषोत्तम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## महिला सुरक्षा संबंधी कानून प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# महिला हिंसा को रोकने कानून की जानकारी होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर




तहसील मुख्यालय मैनपुर थाना परिसर में बुधवार को चैतन्य संस्था के द्वारा महिला हिंसा रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान एवं चैतन्य वाइज संस्था द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चैतन्य वाइज संस्था के डायरेक्टर सुश्री कल्पना पंथ, राज्य समन्वयक सुश्री सुधा कढाव, जिला समन्वयक सुश्री ममता देवांगन, ब्लॉक ट्रेनिंग एसोसिएट प्रीती साहू, श्रीमति नंदिनी नेताम, जनपद सदस्य कुमारीबाई पटेल वि"शेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कार्यशाला में बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की बहने उपस्थित थे।

आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए डायरेक्टर कल्पना पंथ ने कहा महिलाओ को कानून की जानकारी होना बेहद जरूरी है हमारी संस्था और बिहान समूह की महिलाएं गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के गांव-गांव में पहुंचकर कार्यशाला आयोजित कर महिलाओ को जागरूक करेगी और उनके अधिकारो के बारे में उनको बतायेगी साथ ही उन्होने बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसा के संबंध में भी जानकारी दिया। साथ ही कहा बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल उनके जीवन और स्वास्थ्य को बल्कि उनके भावनात्मक कल्याण और भविष्य को भी खतरे में डालती है बच्चो के खिलाफ बढ़ती हिंसा को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

### कई मामलों को हमारे समूह ने सुलझाया

इस दौरान राज्य समन्वयक सुधा कढाव ने कहा की इस तरह के कार्यशाला से महिला हिंसा को रोकने बच्चों को हिंसा से बचाने, मानव अधिकारों नैतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान परामर्शदाता पार्वती बघेल ने बताया की क्षेत्र में महिला समूह द्वारा महिला हिंसा को रोकने काफी महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है अब तक कई मामलों को हमारे समूह द्वारा सुलझाया गया है आज यहां कार्यशाला में और अधिक जानकारी मिला है निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक समन्वयक हेमंत तिर्की, गौरीबाई, संतोषी पटेल, विशाला बाई, करूणा नेताम, कविता नेगी, हेम नागेश, सुशीला, ईश्वरी, वंदना, सुनिता, ज्ञानेश्वर, जेआर ध्रुव, सरिता सिंह, रूखमणी यादव, ओमबाई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### किसड़ी में अष्टप्रहरी नामयज्ञ 3 से

**सरायपाली।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम किसड़ी में आगामी 3 मई से अष्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में 3 मई को कलश स्थापना व महामंत्र नाम उच्चारण एवं 4 मई को यज्ञ पूणाहुति व महाप्रसाद भंडारा रखा गया है। कीर्तन के लिए वनवासपाली उड़ीसा, लीलाधर उड़ीसा, लिंगमानी उड़ीसा, नवागांव (सलडीह), हरिबनपुर एवं स्थानीय किसड़ी की टीमों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गई है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम दीवानगुड़ी में नाला के पास हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब छिपाकर रखे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। सिंघोड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी लोचन बरिहा पिता पईका बरिहा (51 साल) निवासी बंदलीमाल के कब्जे से लगभग 7 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को जब्त किया है।

### कीर्तन कार्यक्रम के दौरान मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सीतापुर में अष्टप्रहरी कीर्तन के दौरान बाइक को गिराने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी रूपानंद निवासी सीतापुर ने बताया कि 29 अप्रैल को गांव में अष्टपहरी कीर्तन कार्यक्रम चल रहा था, जहां बाहर से आए लोगो ने अपनी मोटर साइकिल को रखा था, इस दौरान मोटर साइकिलों को गांव का लक्ष्मीनारायण बढाई पैर से मारकर गिरा रहा था। जिसे प्रार्थी के भाई जन्मजय प्रधान द्वारा मना किया गया, तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार वस्तु से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा विराम

**महासमुंद।** स्थानीय बीटीआई मार्ग स्थित खैरा बाड़ा में चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आठवें दिन आज फूलों की होली, हवन पूर्णाहुति, तुलसी वर्षा के साथ कथा विराम हुआ। भगवताचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलयारी धाम द्वारा तुलसी वर्षा का महत्व बताया गया। उन्होंने कहा कि तुलसी वर्षा से भगवान हरि नारायण का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि तुलसी वर्षा करने से भक्तों को मोक्ष और सद्गति की प्राप्ति होती है। इससे पूर्व फूलों की होली खेली गई, जिसमें भक्त भगवान कृष्ण के साथ ब्रज की होली की भांति फूलों की वर्षा कर होली खेले। वहीं छोटे बच्चों को कृष्ण व राधा के वेश में सजाकर उन पर फूलों की वर्षा की गई। मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति में समस्त भागवत प्रेमियों ने यज्ञ में आहुतियां दी। वहीं अंत में भंडारा का आयोजन कर समस्त भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हवन पूर्णाहुति व भंडारा कार्यक्रम में ऊषा कमल नारायण चंद्राकर, शिल्पा सपन चंद्राकर, कौशल्या चंद्राकर, कमला-भूषण चंद्राकर, लता नुकेश चंद्राकर, सती शिव चंद्राकर, अंजना राजू चंद्राकर, संस्कृति, स्वर्णा, सृजन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

**परिणाम : उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड प्रदान कर किया गया सम्मानित**

# सशिमं छुरा में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल गणवेश वितरण के साथ किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल घोषणा एवं गणवेश वितरण का किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लुकेश्वरी थानसिंग निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, अध्यक्षता चित्ररेखा ध्रुव सभापति, विशिष्ट अतिथि रजनी लहरे सभापति, अतिविशिष्ट अतिथि संगीता दीक्षित पार्षद, अतिविशिष्टि अतिथि गरिमा ध्रुव सभापति नगर पंचायत छुरा एवं विद्यालय के संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, व्यवस्थापक संतोषी यादव, एवं प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा उपस्थित रहे, सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चन कर विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा वाद्य संगीत के साथ सरस्वती वंदना किया गया। उसके बाद आरटीई निःशुल्क के अन्तर्गत सत्र 2023-24 के भैया/बहिनों का गणवेश वितरण किया गया। परीक्षा प्रमुख के द्वारा प्राचार्य को आमंत्रित कर परीक्षा परिणाम 2025 घोषणा किया गया। उसके बाद सभी कक्षाचार्य अरूण से एकादश (कला, विज्ञान, गणित सकाय) के एक से दस स्थान प्राप्त करने वाले भैया/बहिनों का नाम सुनाया एवं अतिथियों द्वारा प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले भैया/बहिनों को शील्ड प्रदान किया गया। विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले अरूण से एकादश कला विज्ञान, गणित सकांय के भैया बहिनों को उपहार विद्यालय परिवार द्वारा दिया गया। अरूण से विभा साहू, प्रथम, पियांशी पटेल प्रथम, दक्ष पटेल प्रथम, कुनाल ध्रुव प्रथम, सौरभ ध्रुव द्वितीय, भव्यांश साहू तृतीय, उदय से केयांश कवर प्रथम, विनय ध्रुव प्रथम, एकादश से लिपाक्षी साहू प्रथम, चन्द्रप्रभा द्वितीय, ईशिका यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कविता यदु एवं परीक्षा प्रमुख सेवक राम निषाद द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा, आचार्य टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, किरण वर्मा, सीताचरण नेताम, अजयकान्त पाण्डेय, होरीलाल साहू ओम डहरिया टेकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर मनोज निर्मलकर, नैनाज बेगम, भारती यदु सरस्वती सिन्हा पूजारानी खूटे, अल्का सिन्हा, निधिका शाह, राहूल सिन्हा, हेमलता नाग, डिगेश्वरी, सूरज घृतलहरे, अभिभावकों से मिथलेश सिन्हा अमित विश्वकर्मा उपस्थित रहे। उक्त समाचार विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख सीताचरण नेताम ने दिया।

## राजिम सेजेस में 5वीं का 100 व 8वीं का 98 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**राजिम।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को कक्षा पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। मालूम हो कि 15 सालों बाद प्रथम बार आयोजित किए गए कक्षा पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जानने के लिए शिक्षक, पालक और विद्यार्थी बहुत ही ज्यादा उत्साहित थे।स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में सुजाता शर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, संजीव साहू, सलमा कौसर, चंदन बंजारे, प्रतिभा शर्मा ,विजेता देवानी ,एसएमडीसी सदस्य सहित 80 विद्यार्थी एवं पालक उपस्थित थे।

शुरूआत माता सरस्वती के पूजा अर्चना से हुई। कक्षा पांचवी का परिणाम विद्यालय के प्राचार्य संजय एक्का ने घोषित किया जबकि कक्षा आठवीं के परिणाम की घोषणा एसएमडीसी अध्यक्ष सुजाता शर्मा ने की। कक्षा पांचवी में 100% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए



और सब प्रथम श्रेणी में। कक्षा में 98% अंक प्राप्त कर सूर्यांश वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहनीश देवांगन 97% अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम 98% रहा जिसमें महिमा साहू ने 98.11% अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि देविका देवांगन ने 98% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सुजाता शर्मा ,विवेक शर्मा ,सोमनाथ पटेल ने बधाई दिया। प्राचार्य संजय एक्का ने कहा कि 15 साल बाद पहली बार कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा हुई। इससे शैक्षणिक गुणवत्ता में अधिक सुधार होगा जिसके सकारात्मक परिणाम कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में देखने को मिलेंगे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षिका नीता यादव के सौजन्य से पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर माखन सेन, सागर शर्मा, विक्रम ठाकुर, संतोष सूर्यवंशी, समीक्षा गायकवाड़, कमल सोनकर ,गोपाल देवांगन, मधु गुप्ता, शिखा महाड़िक, अंजू मारकंडे, कैलाश साहू, अंगेश गंगेले ,जमील अहमद ,जितेंद्र साहू ,संजीव साहू, पिंकी तारक, प्रणीति चंद्राकर ,साक्षी जपे ,नेहा सिंह ,साक्षी चंद्राकर ,सरिता साहू ,पूर्णेंद्र बाघमार ,उपासना भगत मौजूद थे।

### सशिमं रानीपरतेवा का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**मुड़ागांव(कोरासी)।** सरस्वती शिशु मंदिर रानीपरतेवा में परीक्षा परिणाम की घोषणा किया गया।



इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश शुक्ला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि दीनदयाल निषाद व्यवथापक, गंगाराम नेताम संरक्षक, हुमेश्वर सिंह राजपूत प्रधानाचार्य, कोमल पटेल, रमन लाल ध्रुव ने किया। कैलाश शुक्ला ने भैया/बहिन को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा से ही अंधकार दूर होता है और हमें समाजिक प्राणी बनाता है। विद्यार्थी के पाँच लक्षण के बारे में जानकारी दी वही गंगाराम नेताम ने कहा की यह परीक्षा परिणाम आपकी नहीं अपितु आचार्य, दीदीयों की है। पूरे साल भर की बेजोड़ महेनत की फल है। कक्षा- अरूण में प्रथम फाल्गुनी ध्रुव 99.3%, उदय में प्रथम काव्या नेताम 99%, कक्षा षष्ठम् में प्रथम स्थान लिशा निषाद 97% रही। इस कार्यक्रम में आचार्य गण पिताम्बर पटेल, मूलचंद पटेल, गीता शुक्ला, रितु निषाद, राधा साहू, पार्वती सिन्हा, चमेश्वर साहू, युवराज दीवान,होरिलाल निषाद अनुज शुक्ला, तेजराम साहू, आसीन बाई ध्रुव तथा पालक गंण भागवत ध्रुव, डॉक्टर सिन्हा, खेलन सिन्हा, रोशन ध्रुव, शेष कुमार ध्रुव और भैया बहिन उपस्थित थे।

### हरदी स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**छुरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय हरदी संकुल केन्द्र में सत्र-2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था प्रमुख मध्यमिक सुखेश्वर राम पंकज और प्राथमिक संस्था प्रमुख धनेश्वरी मार्कण्डेय द्वारा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों, पालकों, शिक्षकों व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया कक्षा छठवीं में प्रथम क्रितिका कंवर, द्वितीय मानवी ध्रुव तृतीय क्रितिका कंवर, कक्षा सातवीं में प्रथम फलेश्वरी सूर्यवंशी, कक्षा आठवीं में प्रथम रुचि ध्रुव रहें और प्राथमिक विद्यालय से पहली में प्रथम जागृति कंवर, दूसरी में प्रथम हिमाक्षी यादव, पांचवीं में प्रथम चेलेश्वरी रहे। उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को माध्यमिक समिति के अध्यक्ष चम्पा बाई कंवर, उपाध्यक्ष निर्मला ध्रुव प्राथमिक समिति के अध्यक्ष चमन लाल यादव उपाध्यक्ष रामेश्वरी मरकाम भूतपूर्व सरपंच संतु राम ध्रुव, रुपनाथ बंजारे उप सरपंच हरदी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रगति पत्र प्रदान किया गया साथ ही कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। रोहित तारक, जीवन लाल सोरी, किशोर सेन, केशव राम, राधेश्याम, थानू तारक, देवनारायण साहू, थमेश, टिकेश्वर कंवर, तोमेश साहू शिक्षकगण शांति प्रभा मिंज, रूपसिंह ध्रुव, सुदामा प्रसाद लोधी,शिवशंकर यादव, दीपक तिवारी,उपस्थित रहें समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पालकों व समिति के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था संस्था द्वारा किया गया।

## शिक्षा व अनुशासन सफलता के मुख्य आधारः ओमकुमारी



**नवापारा-राजिम।** नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू की मौजूदगी में शहर के श्रीराम जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा के अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, सभापति पूजा कंसारी, पार्षद भारत सोनकर, धीरज साहू, कोमल सोनकर, विद्यालय परिवार, समिति के सदस्य एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रही। श्री राम जानकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय में प्रत्येक कक्षा के उत्कृष्ट छात्रों को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ओमकुमारी ने अनुशासित होकर

■ नपा अध्यक्ष की मौजूदगी में राम जानकी विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम



शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कहा कि बच्चे माता-पिता के सपने होते है। माता-पिता बच्चो की पढ़ाई एवं पालन पोषण में अपना जीवन लगा देते है। ऐसे में छात्र छात्राओं से आह्वान है कि पढ़ लिखकर अपने माता-पिता, नगर एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करे। धीरज साहू ने छात्रों को राष्ट्र सेवा के भाव के साथ पढ़ाई करने की बात कही। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आमंत्रित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर शाला परिवार, समिति के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक,पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रतिभावान बालिकाओं को दी साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदागांव में कक्षा 9वी एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया तथा सीआरपीएफ कैम्प द्वारा जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट सर्वेश तोमर 118वी बटालियन इंदागांव, अध्यक्षता दिनेश नागेश शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र विजरवार थाना प्रभारी एवं संजीब भोई इंस्पेक्टर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सीआरपीएफ कमांडेंट तोमर मैडम द्वारा




जन कल्याण कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभावान बालिकाओं को सायकल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र विजरवार ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करना, शराब का सेवन कर वाहन न चलाना, तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाना मोबाइल का सदुपयोग करना, पुलिस से डरे नहीं उसे अपने सहयोगी समझे आदि महत्वपूर्ण जानकारियां व विद्यार्थियों को निःसंकोच अपनी बातों को माता-पिता ,शिक्षक या हमें अपनी समस्या को बताकर चौकन्ना रहने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पदाधिकारी लोखूलाल बस्तियां उपाध्यक्ष ,जगदीश जगत, रूप सिंग बस्तियां, कांति बस्तियां उपसरपंच, रूपेंद्र कुमार सोंम विधायक प्रतिनिधि, कोविंद यादव शैलेंद्र कुमार घृतलहरें, लक्ष्मण कुमार साहू,श्याम सुंदर जायसवाल, रविकांत पटेल, भारत यादव, तीज राम यादव, टीकम सिंह नागेश देवी राम जानी, पलकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## लोहरसी में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाया गया

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाया गया। अक्षय तृतीया अक्ति और अकतीज के नाम से जाना जाता है। इस पूजा में कपड़े के पुतला और पुतली बनाए जाते हैं। इसके लिए महिलाओं में कई दिन पहले से उत्साह था। छोटी बड़ी लड़कियां भी खूब खुश होकर एक दिन पहले से तैयारियों में लग गई थीं। इन सबने मिल कर पहले तो खूबसूरत पुतले और पुतलियां बनाई, फिर उनका अच्छे ढंग से श्रंगार कर उन्हें सजाया गया। गांवों में घरों को गोबर से लीप कर सजाया गया और अपने-अपने घरों के आंगन में सुंदर ढंग से चौक पूरी गई। इसके बाद



महिलाएं व लड़कियां सब मिलकर बरगद के पेड़ों के नीचे पहुंची और वहां पर बरगद को पूज आशीर्वाद मांगा। इसके बाद घरों में बनाए गए पुतले एवं पुतलियों का विवाह कराया गया। पुतला दूल्हा बना और पुतली ने दुल्हन का रूप धरा। महिलाएं पुतले की बारात लेकर पुतली के घर पहुंची और दोनों का धूमधाम से विवाह करवाया। महिलाओं ने अक्ति पूजा करने के साथ अक्ति के सोन की पूजा की। सोन में एक चौक पूर कर उसके चारों कोनो में चने की दाल रखी तथा उसके ऊपर पानी से भरा छोटा घड़ा रखा। पूजा के दौरान चने पर पानी पड़ने से वह फूल गए। मालूम हो कि पानी के कारण फूल चुकी चने की दाल के माध्यम से वर्षा ऋतु में होने वाली बारिस का अंदाजा किसान लगाते हैं। बारात 3:00 बजे प्रस्थान करते हुए गांव के सभी गलियों को भ्रमण किया साथी चार ट्रैक्टर और एक मारुति में दूल्हे का बारात प्रस्थान हुआ गांव के हृदय स्थल कहे जाने वाले महावीर चौक मे बारात आकर रुकी और उसे परघाणे के लिए दुल्हन पुत्री की ओर से भारी संख्या में लोग पहुंचे धूमधाम से अतिथि हर को मनाया गया बच्चों में काफी उत्साह और बुजुर्गों में खुशी नजर आ रही थी।

## कृषि कॉलेज के छात्रों ने किया असम में शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर के बीएससी कृषि, तृतीय वर्ष के छात्र असम और मेघालय के पूर्वोत्तर राज्यों के शैक्षिक भ्रमण पर रवाना हुए। यह भ्रमण 30 अप्रैल से 10 मई 2025 तक आयोजित किया गया है। छात्रों को कृषि और संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्ध शैक्षणिक और शोध संस्थानों का मूल्यवान अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य से किया गया है।इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन छात्रें के शैक्षणिक –दृष्टिकोण को व्यापक बनाने के लिए किया गया है, जिससे वे अन्य क्षेत्रों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और छात्रें के साथ




संवाद स्थापित कर सकें।

इस भ्रमण से उनके विविध कृषि–पर्यावरणीय प्रणालियों, पारंपरिक एवं आधुनिक खेती प्रथाओं और कृषि विज्ञान में चल रहे नवाचारों की समझ बढेगी।छात्र प्रमुख अनुसंधान संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे, जिसमें सीपीआरआई, क्षेत्रीय स्टेशन, शिलॉन्ग (आलू अनुसंधान में उत्कृष्टता) और एनबीपीजीआर, बारापानी, मेघालय(वनस्पति आनुवंशिक संसाधन संरक्षण) शामिल हैं। वे आईसीएआर अनुसंधान परिसर,एनईएच क्षेत्र,बारापानी (उत्तर–पूर्वी कृषि विकास पर अनुसंधान और सीपीसीआरआई, गुवाहाटी नारियल एवं मसालों के लिए अनुसंधान का भ्रमण करेंगे। इस भ्रमण का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अंतर्गत किया जाता है। भ्रमण के समन्वयक, सहायक प्राध्यापक,डॉ. पायल जायसवाल और सत्येंद्र पाटले एवं छात्रें को अधिष्ठाता डॉ.गिरीजेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और अन्य अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में असम और मेघालय के लिए रवना किया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संस्कृति साहू कक्षा दूसरी में 99.3 अंकों के साथ प्रथम



**कोपरा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल फिंगेश्वर में कक्षा दूसरी में लगातार दूसरे वर्ष कुमारी संस्कृति साहू ने 99.3 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की है। संस्कृति के पढ़ाई को लेकर क्षेत्र में काफ़ी चर्चा है और उन्ही सराहना भी की जा रही हैं, संस्कृति शिक्षक देवेंद्र साहू व चुनेश्वरी साहू आरएचओ की बेटी व पूर्व व्यस्थापक भोजराम साहू, की पोती है।

### सौम्या 7वीं में 90% अंक के साथ उत्तीर्ण



**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर छुरा में स्थानीय परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा सप्तम में अध्ययनरत कुमारी सौम्या लहरे ने 90%अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान पर रही और अपने विद्यालय के साथ साथ परिवार का गौरव बढ़ाया सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य संतोष वर्मा ने उन्हे इस अवसर पर प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। नवापारा पूर्व माध्यमिक शाला के खेल शिक्षक राजकुमार लहरे और कांति लहरे की पुत्री सौम्या की इस उपलब्धि पर सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक आचार्य गण दीदी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पतोरा के कक्षा 5वीं में पुष्पांजलि प्रथम जानसन रहे द्वितीय







**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवीं का केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा आयोजित किया गया था जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा संकुल परसदाकला विकासखण्ड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद कक्षा पांचवीं में अध्यनरत सभी छात्र- छात्राएं अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। कुल 14 छात्र - छात्राओं में नौ प्रथम श्रेणी एवं पांच छात्र द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है जिसमें कुमारी पुष्पांजलि साहू पिता चन्द्र प्रकाश साहू 81.5 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, जानसन बघेल पिता सेन्दुरसाय बघेल 78.5 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान एवं आदित्य कुमार पिता जितेन्द्र गिलहरे तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी उत्तीर्ण छात्र छात्रओं को सूरज भारती सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा एवं पंचगण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, घनश्याम बघेल प्रधानपाठक शिक्षक थानू राम निषाद, परमेश्वर यादव, नीरा नायक स्वीपर एवं समस्त ग्रामवासी सभी उत्तीर्ण छात्र- छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पर्व : विधायक सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मंडप पर पहुंचे, दिया आशीर्वाद

# बच्चों ने रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी, परंपरा को किया जीवित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा में अक्षय तृतीया को अक्ति तिहार के रूप में मनाया गया। बच्चों द्वारा अक्ति तिहार पर गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाकर पारम्परिक रीति रिवाज को निभाया गया। इस दौरान राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू को अपने बीच पाकर बच्चे खुश हुए। विधायक श्री साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं अक्ति तिहार की बधाई दी। इतना ही नही बच्चों के इस शानदार आयोजन के लिए प्रशंसा भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अक्ति तिहार पर गुड्डे-गुड़ियों का विवाह हमारे छग की लोक संस्कृति के मूल स्वरूप का प्रकटन है। कहा कि बच्चों के असीम प्रेम और उत्साह में आज बाल्यकाल की स्मृतियाँ पुनः जीवंत हो गई।

सभी समृद्ध परम्पराओं से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में वर-वधू के रूप में स्थापित प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के प्रतिरुप में विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों ने टिकावन भेंट किया। छोटे-छोटे बच्चे इसके लिए अनोखे ढंग से विवाह उत्सव को बाजे-गाजे के साथ मनाएं। बच्चों ने मंडप सजाया था। गुड्डा-गुड़िया की शादी को वास्तविक विवाह के रूप में निभाते नजर आए, इस दौरान बच्चों के चेहरे पर अलग ही मुस्कान देखने को मिला। सभी बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग विवाह के उत्सव में डूबे नजर आए। मालूम हो कि एक हफ्ते पूर्व बच्चों ने विधायक रोहित साहू को उनके निवास जाकर गुड्डा-गुड़ियो के शादी के लिए आमंत्रित किया था।

उन्होंने शामिल होने का आश्वासन दिया था और आज पहुंचे भी। कार्यक्रम में विधायक के साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, राजू साहू,भाजपा नेता लेमन साहू,जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, सरपंच राधिका यादव,सरपंच प्रतिनिधि मनोज यादव, मकसूदन साहू, दूजलाल साहू,भागचंद चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में आयोजक बच्चे तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## शुक्लाभाठा में बच्चों ने रचाई गुड्डा गुड़िया की शादी, परंपरा को संजोया



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ में प्राचीन काल से अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी के पुतरा-पुतरी का विवाह कराने की परंपरा है। पुतरा-पुतरी यानी पुतला-पुतली के विवाह की परंपरा निभाते है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में रचे-बसे पुतरा-पुतरी के विवाह का विशेष महत्व है। लेकिन बदलते समय और दौर के हिसाब से अब ये आधुनिकता की परिभाषा में गुड्डे-गुड़ियों की शादी के नाम से मशहूर हो गया है अक्षय तृतीया के मौके पर मैनपुर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा में स्कूली बच्चों के द्वारा अपने परम्परा के अनुसार स्कूल में पुतरा पुतरी विवाह का किया जिसमें बच्चों ने सभी रस्म निभाया। दूल्हे का बारात पिकअप में निकाला गया उस पिकअप को बच्चों ने बनाया है बच्चों की टोली ने बकायदा मंडप सजाया। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष पुतरा यानी गुड्डे और दूसरा पक्ष पुतरी यानी गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बारात पिकअप से पहुंची और विवाह की रस्म पूरी की गई। इस मौके पर प्रधानपाठक राम रतन नेताम शिक्षक संतोष कुमार तारक, सुकदेव पटेल विक्रम नेताम पुसाऊ राम, दुलारी बाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मीता, पूर्णिमा, सुनीता, गोमती, फलेश्वरी उमेश मरकाम, सुरुज सुकबती विजय राकेश एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

## मड़ेली में अक्ती पर्व पर विवाह समारोह बना आकर्षण का केंद्र

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मडेल्ली में प्रतिनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूम धाम के साथ पूतरी पुतरा (शंकर पार्वती) का अक्ती विवाह मनाया गया। सर्वप्रथम बाजे गाजे के साथ मंग्रोहन, मड़वा, तेल मयान इत्यादि रस्म पूरा कर बारात प्रस्थान श्री यादराम विश्वकर्मा के घर से प्रस्थान किया गया। तत्पश्चात लड़की पक्ष श्री दर्शन साहू ने बारातियों का सह सम्मान स्वागत किया गया। समधी भेंट की रस्म पूरी करते हुए श्री दर्शन साहू के आंसू नम हो गए। भावभीनी नम्रता से लड़की बिदाई किया। छत्तीसगढ़ परम्परा को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हुए ग्राम मडेल्ली के छोटे छोटे बच्चियों ने पूरा रिती रिवाज के साथ पुतरा पुत्री की विवाह का रस्म निभाया गया । इस उत्साह में मुख्य रूप से खुशी, छोटी, रानू, पुष्पा, फाल्गुनी, यादराम विश्वकर्मा, संतराम ठाकुर, दयाराम ठाकुर, प्रभु लाल ठाकुर, रामशिला ठाकुर, केशर विश्वकर्मा, रामबाई साहू, दर्शन साहू एवं समस्त ऊपर पारा मडेल्ली सम्मलित हुए।



## किसानों ने की पूजा, बच्चों ने रचाई गुड्डा- गुड़ियों का ब्याह

**मैनपुर।** बैशाख शुक्लपक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया पर्व पर छोटे बच्चों सहित बड़ों ने गुड्डा गुड़ियों का विधिविधान से विवाह रचाकर हर्शोल्लास के साथ मनाया। तहसील मुख्यालय मैनपुर सहित हरदीभाठा, भाठीगढ़, भटगांव, नहानबिरी, जिड़ार, जाड़ापदर, इंदागांव, अमलीपदर, मैनपुर कला सहित कई गांवों में चौक- चौराहों पर शादी का पंडाल सजाकर पूरे जोश उमंग के साथ अक्ती विवाह रचाया गया जहां गुड्डे गुड़ियां की शादी को लेकर बच्चे सुबह से ही पूरे तैयारी के साथ लगे रहे। बड़ों की सानिध्य में छोटे बच्चो ने गुड्डे- गुड़ियां का मंड़वा, चुलमाटी, तेलहरदी लगाकर एवं सजाए गए पंडाल में गाजे-बाजे की धुन में जमकर नाचते गाते शादी विवाह उत्सव मनाया। वहीं बच्चों द्वारा प्रमुख चौक- चौराहों पर पाणिग्रहण टीकावन का आयोजन भी किया।



### किसानों ने धान बुआई का शुभारंभ किया

अक्ती पर्व को देखते हुए किसान वर्ग के लोग तड़के शुभ मुहूर्त पर अपने धान की कोठी से बीज निकालकर माटी महतारी की पूजा अर्चना करते बोनी की शुरूआत किया व खुशहाली, उन्नति की कामना की गई। वहीं प्रमुख नदी, तालाबो में लोगो द्वारा भगवान से मनोकामना मांगते अपने अपने पितरो की मोक्ष गति के लिये अक्ती पानी देकर व भोज का आयोजन कर अक्ती मिलाया गया। गांव-गांव पूजा अर्चना किया किसानो ने अक्ति पर्व आज छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार ग्रामीण अंचल में उत्साह के साथ मनाया गया। किसान गांव के प्रमुख देवी -देवताओं की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल और खुशहाली की कामना किया। वही अमलीपदर में साहू समाज के लोगो ने द्वारा आज अक्षय तृतीया पर अपने पूर्वजों को पानी तर्पण किया गया जिसमें साहू समाज के वरिष्ठ मोहन साहू, मन्नू राम साहू, हेमधर साहू, मंजीत साहू, देवचंद साहू, दिपचंद साहू, हेमानंद साहू, कुशल साहू, भुवेन्द साहू, प्रफुल्ल साहू, बंशीलाल साहू, मुकेश साहू, दीपक साहू, अरूण धनेश्वर साहू, लालधर साहू एवं सभी बच्चों उपस्थित रहे।

## रजनकटा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**पाण्डुका।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रजनकटा में कक्षा पहली से आठवीं तक के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। स्थानीय परीक्षाओं के साथ साथ पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शासन के द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवीं एवं कक्षा आठवीं केन्द्रीयकृत परीक्षा का प्रथम आयोजन किया गया था। संकुल प्रभारी प्राचार्य बी देवांगन सर एवं संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन कर किया गया। तत्पश्चात कक्षा पांचवीं के छात्राओं के द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।

**5वीं में हेविश प्रथम :** सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम कक्षा शिक्षकों के द्वारा घोषित किया गया।कक्षा पहली से प्रथम स्थान सीमांत साहू 86.66%, द्वितीय नयन निषाद 86%, तृतीय मुकुंद निर्मलकर 82%, कक्षा दूसरी से प्रथम स्थान पूर्वी साहू 92%, द्वितीय टीना निषाद 89.33%, तृतीय भावना साहू 86.66%, कक्षा तीसरी से प्रथम स्थान साक्षी कंडरा 88%, द्वितीय पोषण कुमार 78%, तृतीय सुष्मिता कंडरा 71%, कक्षा चौथी से प्रथम स्थान वेदान्त



साहू 97%, द्वितीय मिव्य निर्मलकर 93%, तृतीय मोक्ष निषाद 90%, पांचवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान हेविश साहू पिता रेखराम साहू 95%, द्वितीय स्थान चांदनी साहू पिता गिरवर साहू 91%, तृतीय स्थान धवल कुमार साहू पिता प्रभात कुमार साहू 90.5% अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं से प्रथम स्थान वोमेश्वरी निषाद 91%, द्वितीय छाया साहू 90.3%, तृतीय पेनिका निर्मलकर 88.3%, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान भूमिका साहू 96.6% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा तेजकुंवर कंडरा अध्यक्षता खेमलता साहू उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला विशिष्ट अतिथि उर्वशी निर्मलकर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला,खेमेश्वरी साहू पंच ग्राम पंचायत रजनकटा, विशेष अतिथि मनोहर निषाद, आर सी ध्रुव प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला, धनेश्वरी मुरचुलिया प्रधानपाठक प्राथमिक शाला रजनकटा रहे।

# अंचल में धूमधाम से मनाया गया अक्ति त्योहार

**मुड़ागांव/पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** बुधवार को अंचल के पाटसिवनी परसदाखुर्द, पिपरहट्टा, देवगांव, जामली, बोडराबांधा, खुड़ीयाडिह सहित ग्रामीण अंचल में छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का महापर्व अक्ती गांव- गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पर्व के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों ने घरों में मिट्टी के गुड्डे-गुड़यिा की शादी पूर्ण रीति-रिवाज के साथ संपन्न की गई। मनमोहक मंडप सजाकर आकर्षक रूप में पुतरी-पुतरा को सजाया गया। वैवाहिक भव्यता के साथ संस्कृति के प्रति आस्था देखने को मिली।

विदित है कि छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष अक्ती महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। अक्षय का अर्थ है, कभी न मिटने वाला, कभी न खत्म होने वाला। इसलिए इस दिन जो भी कार्य किया जाता है वह फ़लदाई होता है। इस दिन को इतना पवित्र माना जाता है कि अक्षय तृतीया के



दिन कोई भी मांगलिक कार्य किया जा सकता है।ग्रामीण अंचल में इस दिन किसानों का नया त्योहार अक्ति ठाकुर देव में दोना चढ़ाते हैं और बचे हुए आधा धान को घर लाकर खेतों के एक छोर में बोनी करते हैं। इसी दिन से ही किसानी का पर्व प्रारंभ होता है। अक्ती मुहूर्त में विवाहों की धूम रहती है।

गांव-गांव में मुहरी एवं दफड़ा बाजा की जुगलबंदी सुनाई दे जाती है। इसके साथ गुड्डे-गुड़यिा के विवाह की धूम रहती है। अक्ती तिहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषक त्योहार है। अंचल में अक्ती तिहार से खेती-किसानी का प्रारंभ हो जाता है। अक्ति माने अक्षय तृतीया, यह बैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला त्योहार है।

पर्व को मनाने के पीछे कई प्राचीन मान्यताएं हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का जन्म हुआ था, भगवान विष्णु के दशावतारों में से एक भगवान परशुराम का जन्म दिवस माना जाता है।अक्षय तृतीया के दिन ही सतयुग का प्रारंभ माना जाता है।

## बारूला के16 छात्र प्रथम श्रेणी में उतीर्ण



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवी एकीकृत बोर्ड परीक्षा आयोजित किया गया था जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला बारुला की सभी छात्र–छात्राएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए। कुल 19 छात्रओं में 16 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में प्राप्त किया। 3 छात्र को द्वितीय श्रेणी प्राप्त हुआ है। लोमेश कुमार साहू 89.5 प्रतिशत अंको में प्रथम स्थान रहा। इसी प्रकार अंजलि साहू 87 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवम कुमारी चांदनी साहू तृतीय स्थान पर रही। सभी छात्र–छात्राओं को संस्था के प्रधान पाठक लता ध्रुव एवं शाला के समस्त स्टाफ के द्वारा शुभकामनाएं प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा परिणाम के अवसर पर उपस्थित शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जगरनाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, दर्शन साहू, सरपंच सुकदेव राम साहू, अनुसूया साहू, केसर साहू, रुक्मणी साहू, शिक्षिका मोती ध्रुव, हीरामन साहू, रितु ध्रुव, कमलकान्त सेन आदि उपस्थित थे।

## बकली में धूमधाम से रचाई गुड्डा-गुड़िया की शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बकली में अक्षय तृतीया अक्ति तिहार का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गुड्डा-गुड़िया की शादी रचाई गई। इस दौरान गांव के बहुत से घरो में मंडप सजे। विधिवत विवाह की परंपरा निभाई गई और गुड्डे-गुड़ियों की शादी की।

विवाह गीत बजते रहे इस पर बच्चे जमकर डांस भी किए सारे रस्म अदायगी के बाद बाकायदा गुड़िया की विदाई भी कराई गई। छोटे से नगाड़े के साथ बाक्स में फिल्मी गीत में डांस करते नन्हे मुन्हें बाराती निकले थे। घरातियों के रूप में दूसरे पक्ष ने स्वागत भी किया। इससे पहले बच्चो ने गुड्डे-गुड़ियों के शादी का निमंत्रण कार्ड भी बंटवाया।

शादी में बच्चों ने चुलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्मे पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुडडे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बारात



पहुंचा और सात फेरे लेकर विवाह की रस्म पूरी की गई।

बैठक में पहलगांम में हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल श्री मानस मंदिर में इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस (जन्मोत्सव) सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बड़े ही भक्ति भाव, धार्मिक उल्लास एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। समाज के वरिष्ठजनों, युवा वर्ग एवं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन को गरिमा प्रदान की। पूजा-अर्चना के उपरांत सर्व ब्राह्मण समाज छुरा तहसील की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की गतवर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक आयोजन, समाज सुधार और युवाओं को जागरूक करने हेतु आगामी वर्ष की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों द्वारा युवाओं को समाज



सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। बैठक के दौरान पहलगांम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी उपस्थितजनों ने मृत आत्माओं की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात भव्य भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें समाज के सदस्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल और युवाओं द्वारा प्रसादी वितरण में विशेष सहयोग दिया गया।

इस पावन अवसर पर छुरा तहसील के सर्वब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक मक्खु दीक्षित, उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा,वीरेंद्र पाण्डेय,धनंजय शुक्ला, लखन प्रसाद तिवारी, कामता तिवारी, नरेंद्र तिवारी, मेषनंदन पाण्डेय, विनोद तिवारी, अजय दीक्षित, संजय दीक्षित, रमेश त्रिपाठी, यज्ञेश प्रसाद पाण्डेय, युवा शैलेंद्र दीक्षित, अखिल चौबे, रितेश दीक्षित, हितेश दीक्षित, प्रहलाद त्रिपाठी, रुपेश शर्मा, दीनबंधु शर्मा, नन्नू तिवारी, ओपी द्विवेदी, सज्जन शर्मा, हरि नारायण, अक्षत तिवारी, मनोज दुबे, त्रिवेदी, सर्वेश शर्मा, प्रदीप मिश्रा, सुशील मिश्रा, हेमंत तिवारी एवं छुरा समस्त विप्र गण उपस्तिथत थे।

